सतना । शनिवार । 13 जून 2026 । वर्ष 27 । अंक 280 । पृष्ठ 12 । मूल्य रु. 5.00 navbharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से



5 अमेरिकी प्रभारी राजदूत को किया तलब



6 कांग्रेस में विलय टीएमसी की मजबूरी



7 विकासशील देशों पर संघर्षों का असर



11 विश्व कप में गोल और रेड कार्ड का तूफान

## सर्वोच्च न्यायालय से मीनाक्षी की नामांकन याचिका खारिज

### मप्र के कांग्रेसी विधायकों ने राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने का किया प्रयास




**नई दिल्ली, 12 जून. मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव को लेकर मचे सियासी घमासान के बीच जहां एक तरफ देश की सर्वोच्च अदालत ने कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज कर दी वहीं दूसरी ओर दिल्ली की सड़कों पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों को राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च करते समय पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कई विधायकों को हिरासत में ले लिया.**

सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस के विधायकों ने कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर भाजपा और चुनाव आयोग पर सीट चोरी करने तथा लोकतंत्र की हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया.

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा के दबाव में रिटर्निंग ऑफिसर ने जानबूझकर मीनाक्षी नटराजन का पर्चा खारिज किया है ताकि कांग्रेस की तय सीट छीनी जा सके. इसके बाद मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुवाई में विधायकों ने राष्ट्रपति भवन मार्च करने की घोषणा करते हुए कहा कि कांग्रेसी विधायकों का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात पूरी घटनाक्रम की जानकारी देना चाहता था लेकिन मुलाकात का समय नहीं दिया गया. इसी वजह से प्रतिकात्मक विरोध की नियत से कांग्रेस मुख्यालय से राष्ट्रपति भवन के लिए आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस विधायक हाथों में तख्तियां लिए सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे. लेकिन सुरक्षा कारणों और धारा 144 लागू होने का हवाला देकर


> दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायकों को रोकने के क्रम में दिल्ली पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक और झूमाझटकी भी हुई. इसके बाद पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व उमंग सिंघार सहित कई विधायकों को जबरन गाड़ियों में भरकर हिरासत में ले लिया.

दिल्ली पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को बीच रास्ते में ही रोक दिया. ( **शेष पेज 2 पर** )

## गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौत

**उन्नाव, 12 जून. गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 4 युवकों की मौत हो गई. हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब प्रयागराज से आ रही टाटा पंच कार तेज रफ्तार में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। मौके पर ही कार में बैठे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.**

राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचे. क्रेन की मदद से कार को सड़क किनारे हटाया गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार की रफ्तार लगभग 100 किमी प्रति घंटे थी. तेज रफ्तार के कारण चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक से जा भिड़ा. टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में मारे गए चारों युवकों की पहचान कर ली गई है.




वर्ल्ड कप टीम के लिए चुने जाने वाले भारतीय मूल के पहले फुटबॉलर!

## एक नजर में



### पूर्व निशानेबाज जसपाल राणा का निधन

**नई दिल्ली.** पूर्व दिग्गज निशानेबाज एवं भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई-परफॉर्मेंस कोच जसपाल राणा का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन को खेल जगत के लिए बड़ी क्षति बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है. भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) ने जसपाल राणा के निधन की पुष्टि की है. वह 49 वर्ष के थे. उन्हें वर्ष 2020 में खेल जगत के सर्वोच्च कोचिंग सम्मान द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.




### एक्स्ट्रा चार्ज कैब कंपनियों पर करेगी कार्रवाई

**कल्याण.** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने परिवहन आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे ऐप-आधारित टैक्सी और राइड-हेलिंग कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करें. यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाया गया है जिनमें कहा गया है कि यात्रियों पर टिप और अतिरिक्त शुल्क देने के लिए दबाव डाला जा रहा है. यह कदम श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने के बाद उठाया गया है.

### हेट स्पीच शांति एवं सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा

**न्यूयार्क.** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हेट स्पीच को शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताते हुए इस पर लगाम लगाने के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील की है. महासचिव न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में गुरुवार मस्कट प्लान ऑफ एक्शन की शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे. यह एक ऐसी पहल है जो शांति को बढ़ावा देने और सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने में पारंपरिक और मूल निवासियों की भूमिका पर जोर देती है।


### नागौद राजघराने की बहू पर महिला ने की फायरिंग

**सतना.** सतना के नागौद राजघराने में गुरुवार को एक गंभीर गोलीकांड सामने आया. विवाद के दौरान एक महिला ने नौ गोलियां चलाई, जिसमें राजघराने की बहू संयोगिता सिंह गंभीर रूप से घायल हुई. सतना जिले के नागौद राजघराने में गुरुवार को एक गंभीर फायरिंग की घटना हुई. सूत्रों के अनुसार, संयोगिता सिंह, जो पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक नागेंद्र सिंह के भतीजे रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा की पत्नी हैं, पर महिला ने गोली चलाई.

## अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

- अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक होगी
- ड्रोन, सीसीटीवी, सर्विलांस सिस्टम से होगी निगरानी

**नई दिल्ली 12 जून. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक बैठक में पवित्र अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उसे सुगम तथा सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है.**




श्री शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया. गृह मंत्री ने कहा कि सरकार श्री अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा एवं सुगम यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. इसके तहत यात्रा मार्ग पर केन्द्रीय पुलिस बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, तथा सभी सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से कई स्तर पर अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित की जायेगी. इसके अलावा ड्रोन, सीसीटीवी निगरानी, सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य आधुनिक तकनीकों के व्यापक उपयोग के साथ पारंपरिक सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ किया किया जायेगा.

> **क्यू आर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं**
>
> यात्रा के दौरान जम्मू कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों पर व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करेंगे. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आपदा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए. बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों एवं पशुओं के पंजीकरण अनिवार्य कर क्यू आर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएं.

## महिलाओं का नेतृत्व विकास में अहम : मोदी

- पीएम ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को सराहा
- गरिमा, मौका व सशक्तिकरण पर आधारित सरकारी पहलें

**नई दिल्ली, 12 जून. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण और महिला नेतृत्व वाले विकास पर जोर दिया।**



राजग सरकार के 12 साल

उन्होंने कहा कि पिछले दशक में महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, उद्यमिता और प्रशासन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सरकार ने महिलाओं को वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सफाई, आवासन, खेल, विज्ञान और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए कई पहलें शुरू की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को गरिमा, अवसर और सशक्तिकरण प्रदान करने वाली यह पहलें उन्हें अपनी पूरी क्षमता के अनुसार देश की प्रगति में योगदान करने में मदद कर रही हैं. उन्होंने नवाचार, विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई और कहा कि ड्रोन्स और उभरती तकनीकों में महिलाओं की बढ़ती हिस्सेदारी से नए अवसर पैदा हो रहे हैं.

> प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की भूमिका पर भी जोर दिया और कहा कि सरकार इन समूहों का सक्रिय समर्थन कर रही है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन रही हैं. उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की, जिनमें वित्तीय समावेशन, मातृत्व स्वास्थ्य, कौशल विकास और उद्यमिता शामिल हैं.

## नीति आयोग की पूर्वोत्तर राज्यों के साथ बैठक

**नयी दिल्ली.** नीति आयोग ने शुक्रवार को पूर्वोत्तर के राज्यों में विकास, नवाचार और चुनौतियों पर इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक की। बैठक में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. नीति आयोग के उपाध्यक्ष अशोक लाहिड़ी तथा आयोग के सदस्यों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी उनसे बातचीत के लिए मौजूद थे. नीति आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैठक में रचनात्मक और परिणामोन्मुखी चर्चा हुई.



## तुगलकाबाद एक्सटेंशन की इमारत में आग से तीन की मौत

**नई दिल्ली, 12 जून. दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद एक्सटेंशन में शुक्रवार सुबह पांच मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लग गयी, जिससे कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये, जिनकी हालत गंभीर है.**

पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को हुई. गोविंद पुरी पुलिस स्टेशन की एक टीम हादसे की जांच कर रही है. पुलिस ने बताया कि घटना के बारे में पीसीआर कॉल रात 2:24 बजे प्राप्त हुई. स्थानीय पुलिस टीमें तुरंत मौके पर पहुंची और जल्द ही वहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पहुंच गये. इसके बाद अग्निशमन सेवा कर्मी और आपातकालीन प्रतिक्रिया बल के लोगों ने धुएं से भरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया.

चार दमकल गाड़ियां और कैट्स एम्बुलेंस सेवा में लगाई गई. एक समन्वित प्रयास के तहत, घने धुएं में फंसे आठ लोगों को बचाया गया और सफदरजंग अस्पताल तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर भेजा गया.

> **शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग**
>
> पुलिस के अनुसार, इस घटना में 22 साल के एक युवक और दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य लोगों का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है. शुरुआती जांच से पता चला है कि आग शायद ग्राउंड फ्लोर पर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी. आग तेजी से फैली और वहां खड़ी सात दो-पहिया वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिनमें एक इलेक्ट्रिक स्कूटर भी शामिल था, जो चार्ज हो रहा था.

## पेट्रोल पंप पर एक दिन में 200 लीटर डीजल ही मिलेगा

**नई दिल्ली, 12 जून. सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी रोकने और इसके विनियमन के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नया आदेश जारी किया है. इसमें कहा गया है कि किसी भी वाहन या व्यक्ति को एक दिन में पेट्रोल पंप पर 200 लीटर से अधिक डीजल नहीं मिलेगा.**


नये नियम से लंबी तथा मध्यम दूरी के माल परिवहन वाले ट्रकों पर असर पड़ने की संभावना है. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा गुरुवार देर रात जारी अधिसूचना में खुदरा बिक्री केंद्रों (पेट्रोल पंप डीलरों) को आदेश दिया गया है कि वे डीजल की बिक्री केवल वाहनों के टैंक अथवा पेसो (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) से अनुमोदित कंटेनर में ही करेंगे. एक दिन में एक ग्राहक/वाहन को 200 लीटर से ज्यादा डीजल की बिक्री नहीं करेंगे. ऐसे ग्राहकों के लिए भी डीजल की पुन: बिक्री की मनाही होगी.

## शताब्दी ट्रेन पर फिरोजाबाद में हुआ पथराव

### प्रमुख मोहन भागवत इसी ट्रेन से कानपुर से दिल्ली की ओर जा रहे थे

**फिरोजाबाद, 12 जून. उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में गुरुवार शाम लखनऊ-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस पर पथराव की घटना ने रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी। जिस समय यह घटना हुई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत भी ट्रेन में सवार थे.**

गुरुवार शाम करीब 7:45 बजे फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के पास एतावा-टूंडला रेलखंड पर पेमेश्वर गेट पुल के नजदीक लखनऊ-दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12003) पर पथराव की घटना हुई। सूत्रों के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रेन के एक कोच पर पत्थर फेंका, जिससे कोच का बाहरी शीशा टूट गया. घटना के समय आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कानपुर से ट्रेन के ई-1 कोच में सवार थे और दिल्ली की ओर यात्रा कर रहे थे. सौभाग्यवश, किसी यात्री को चोट नहीं लगी और मोहन भागवत पूरी तरह सुरक्षित हैं. रेलवे और पुलिस अधिकारियों ने तुरंत घटना की जानकारी मिलने पर सक्रिय कदम उठाए. फिरोजाबाद के पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे, आगरा रेल पुलिस अधीक्षक अनिल झा और नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद समेत वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी.



वार्ता ▶ समझौते पर अभी कुछ भी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है : ईरान

## ईरान के साथ युद्ध समाप्त हो गया है : ट्रम्प

**तेहरान, 12 जून. ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को समाप्त करने वाला समझौता 'जल्द ही' होने वाला है.**



ट्रंप ने संवाददाताओं को बताया कि अमेरिका ने गुरुवार को ईरान पर 'बेहद भीषण' हमले की योजना बनाई थी, लेकिन वार्ताकारों ने 'अभी-अभी एक बेहतरीन समझौता' किया है, जिसके चलते हमलों को रोक दिया गया. उन्होंने यह भी कहा कि समझौते के दस्तावेजों को अंतिम रूप देना बाकी है, जो अगले कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा, और 'शायद' यूरोप में इसे हस्ताक्षर करने का कार्यक्रम रखा जाएगा. हालांकि, ईरान ने इस दावे को पूरी तरह नकार दिया. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि मीडिया में चल रही खबरें केवल अटकलबाजी हैं और समझौते पर अभी 'कुछ भी अंतिम रूप से तय नहीं हुआ है'. उन्होंने जोर दिया कि ईरान अभी किसी भी प्रकार के आधिकारिक समझौते के लिए तैयार नहीं है. यह विरोधाभास अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संवेदनशील वार्ता प्रक्रिया को उजागर करता है.

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक वर्चुअल रैली में दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त हो गया है और ईरान भविष्य में कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा. ट्रम्प ने कहा कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी दे दी है और इसी सप्ताह यूरोप में इस समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं.

## गुस्ताखी माफ




## नाबालिगों के हक के दस्तावेज दबे न रह जाएं

- अंतिम फैसले से पहले सुनवाई जरूरी
- मृत श्रमिक के बच्चों के मुआवजा दावे में हस्तक्षेप

**जबलपुर, 12 जून. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने एक मामले में स्पष्ट किया है कि न्याय का अर्थ केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हकदार पक्ष को अपना पक्ष साबित करने का पूरा अवसर मिले. जिस पर नाबालिगों के मुआवजा दावे में आवश्यक दस्तावेजों पर विचार किए बिना अंतिम निर्णय नहीं किया जा सकता.**



किसी मुकदमे में अंतिम निर्णय की जल्दबाजी ऐसी न हो कि वास्तविक हकदारों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर ही न मिले। विशेषकर तब, जब मामला नाबालिग बच्चों के अधिकारों और मृतक श्रमिक के मुआवजे से जुड़ा हो. इसी व्यापक सिद्धांत को रेखांकित करते हुए हाईकोर्ट ने श्रम न्यायालय को निर्देशित किया है कि अंतिम फैसला सुनाने से पहले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कराने संबंधी आवेदन पर निर्णय किया जाए. दरअसल, यह आदेश सिवनी निवासी मृत श्रमिक कुलपत दास के नाबालिग बच्चों की याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया था कि उनके पिता की कार्यस्थल से जुड़ी मृत्यु के बाद कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के तहत मुआवजे का दावा लंबित है। अंतिम बहस पूरी होने के बाद बच्चों को पता चला कि उनके पिता के रोजगार संबंधी कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज रिकार्ड पर नहीं हैं। ( **शेष पेज 2 पर** )